भिलाई के स्मृति नगर में बन रहा है बेहतरीन वेंडिंग जोन, महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने लिया जायजा, सड़क पर लगने वाले गुमटियां होंगी व्यवस्थित, आकर्षक लुक में आएगी नजर

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्मृति नगर में शानदार वेंडिंग जोन तैयार किया जा रहा हैं। आज इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास अधिकारियों के साथ स्पॉट पर पहुंचे। इस दौरान जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर व पार्षद हरिओम तिवारी आदि भी मौजूद रहे। स्मृति नगर में हनुमान मंदिर के सामने इएसआई अस्पताल के समीप वेंडिंग जोन का काम चल रहा है। इसके अलावा नेहरू नगर चौक में दो स्थानों पर और वेंडिंग जोन बनाए जा रहे हैं, इसके लिए तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। ईएसआई अस्पताल के पास प्लेटफार्म तैयार कर पेवर ब्लॉक लगाने का काम पूरा हो चुका है। भिलाई में वेंडिंग जोन को लेकर व्यापक रूप से कार्य किया जा रहा है। वेंडिंग जोन के माध्यम से सड़क किनारे लगे हुए गुमटियो को व्यवस्थित किया जाएगा। सुंदर प्लेटफार्म इसके लिए निगम के द्वारा दिया जा रहा है। एक समरूपता के तहत दुकान संचालित होंगे। लाइटिंग की भी अच्छी व्यवस्था रहेगी। लोग आसानी से इन दुकानों में खरीदारी कर पाएंगे। महापौर एवं आयुक्त ने वेंडिंग जोन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी मौके पर दिए। पुराने और पहले से दुकान लगाने वाले संचालकों को ही वेंडिंग जोन में मौका दिया जा रहा है, नए दुकान वेंडिंग जोन में नहीं लगाए जाएंगे। वेंडिंग जोन के जरिए यातायात का दबाव भी काम होगा, वही भिलाई को एक सुव्यवस्थित मार्केट मिल पाएगा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा व उप अभियंता पुरषोत्तम सिन्हा आदि मौजूद रहे।